शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**

Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 24 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा जयंती राय ने महिलाओं तथा बालिकाओं के बारे में बताया, जिसमें उसने बालिकाओं तथा महिलाओं से संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इनमें महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा से संबंधित बातें मुख्य रूप से शामिल की गई थी। इसके पश्चात बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अनिशा बहादुर ने महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता के विषय में बताया। उसने बताया कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत महिला बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में की तथा उसके पश्चात से अनेक शासकीय योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वर्तमान में प्रभावी हैं, जिनका लाभ उठाने की आवश्यकता है। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने सरकार की योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से सरकार बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने के लिए प्रयासरत है, उसके लिए शासकीय संस्थाओं में बालिकाओं के लिए शिक्षण शुल्क मुक्ति के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास भी शामिल है। इसके लिए शासन के द्वारा गांव गांव में इससे संबंधित पोस्टर लगाए जा रहे हैं तथा स्थान स्थान पर इससे संबंधित बातें दीवारों पर लिखकर ग्राम वासियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक जागरूक होने को कहा तथा उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने की बात भी कही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी डॉ प्रेमलता एक्का श्री अमित सिंह बनाफर श्रीमती शालिनी शांता कुजूर श्रीमती अंजना श्री अजय कुमार तिवारी श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री संदीप सोनी श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




बालिकाओं की जागरूकता के महत्व को बतलाते प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र




बालिकाओं की जागरूकता पर बच्चों से चर्चा करते प्राध्यापक गण

Scanned with CamScanner

# राष्ट्रीय बालिका दिवस

NOVELTY
PAGE NO. :
DATE :
दिनांक - 24/1/2020

आज दिनाँक 24/1/2020 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। छात्र - छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में रखा गया।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. श्यामकुमार मिश्रा जी थे। इस कार्यक्रम में सबसे पहले B.Sc. III वर्ष की छात्रा जयंती रॉय के द्वारा बालिका, महिलाओं के बारे में बताया कि शासकीय योजना के बारे में, इसके बाद कुमारी अनिशा बहादुर B.Sc. II nd year की छात्रा ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। इसकी शुरुआत महिला बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में शुरू की थी। इसके पश्चात B.Sc. II वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने इसके बारे में जानकारी दी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'।


इस कार्यक्रम का संचालन NSS के संचालक सहा. प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर ने किया। इस कार्यक्रम में बालिका दिवस पर प्राचार्य ने छात्र - छात्राओं को आशीर्वचन के साथ बालिका दिवस के बारे में जागरूकता जानकारी दी इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे एवं स्टाफ के सदस्य गण उपस्थित थे।

[signature]
24/1/2020

Smt Anjana — [signature]
Ashish Kaushik [signature]
Ajay Kr. Tiwari [signature] 24/01/20
Dr. Premlata Ekka [signature] 24.1.2020
[signature]
Smt Shalini Shanta Kujur [signature] 24/1/20
Pooja Singh — [signature] 24/1/2020

Signature.............

शासकीय महावि... सूरजपुर






रंगोली प्रतियोगिता




मेहंदी प्रतियोगिता के कुछ प्रतिभागी

Scanned with CamScanner




<u>नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का प्रदर्शन</u>




Scanned with CamScanner

आयोजन : युवा उत्सव में मेधावियों को मिले पुरस्कार

25 जनवरी 2020 पत्रिका

# शिक्षा से सर्वांगीण विकास के लिए विद्यार्थियों का किया आह्वान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अंबिकापुर. शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में वार्षिक युवा उत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र तथा अतिथियों ने मां के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित करा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष मोनिका दास ने महाविद्यालय के शैक्षिक परिवेश की जानकारी दी। बृजकिशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया।

डॉ. के आनंद कौशिक ने विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि यूएस मिश्रा ने सांस्कृतिक परिवेश और आंतरिक गुणवत्ता का सराहा। वेद प्रकाश अग्रवाल ने खेल और जीवन के सामंजस्य से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया। खेल और सांस्कृतिक विधाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

छात्रसंघ प्रभारी अजय कुमार तिवारी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, भूतपूर्व छात्र के प्रतिनिधि के रूप में सुनीता अगरियासंदीप सोनी, पूजा सिंह, बिरेंद्र सिन्हा, ताराचंद साहू, रवि प्रताप सिंह, अशोक राजवाड़े, दिनेश, हेमंत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशपुर के प्राचार्य मणिशंकर, राहुल तिवारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।







मेधावियों को पुरस्कृत करते अतिथि, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं

## नृत्य से कराया आंचलिकता का बोध

एकल नृत्य की प्रस्तुति में देवमुनि, रीना देवांगन, रीता राजवाड़े ने शानदार प्रस्तुति किया। साधना सिंह, जयंती राय तथा प्रिया कुशवाहा ने राजगीत 'अरपा पैरी के धार' प्रस्तुत किया। ट्विंकल, सरोज रवि के समूह ने भी प्रस्तुति से श्रोताओं की तालियाँ बटोरीं। समूह नृत्य में प्रियंका साहा, साधना सिंह, मोनिका वैद्य, रेखा सिंह तथा सीमा एक्का ने भागड़ा, कुशीला राजवाड़े, मुनेश्वरी, रानी, सीमा, अनिता, तारा, दिलेश्वरी, राधा व उनके साथियों ने डांडिया प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी, नागपुरी, राजस्थानी नृत्यों से आंचलिकता का बोध कराया।

Scanned with CamScanner

## सिलफिली कॉलेज में मनाया गया वार्षिक युवा उत्सव

# शिक्षा सिखाती है जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

**खास बात**

- अतिथियों ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में वार्षिक युवा उत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राम कुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम के संचालक सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने जानकारी दिया कि महाविद्यालय के वार्षिक युवा उत्सव का प्रारंभ 20 जनवरी से क्रीड़ा उत्सव से हुई जिसमें विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं तथा 21 जनवरी को सांस्कृतिक तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वार्षिक युवा उत्सव के परिचय के पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में सर्वप्रथम एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें छात्रा देवमुनि, रीना देवांगन तथा रीता राजवाड़े ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। साधना सिंह, जयंती राय तथा प्रिया कुशवाहा ने राजगीत अरपा पैरी के धार की मोहक प्रस्तुति समूह गान का आगाज किया। साथ ही ट्विंकल तथा सरोज रवि के समूह ने भी [illegible] तालियां बटोरीं। समूह नृत्य प्रतियोगिता के क्रम में सबसे पहले प्रियंका साहा, साधना सिंह, मोनिका वैद्य, रेखा सिंह तथा सीमा एक्का ने पंजाबी भागड़ा ने गुजराती लोक नृत्य डांडिया प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त अन्य नौ समूहों ने छत्तीसगढ़ी, नागपुरी, राजस्थानी आदि लोकनृत्य प्रस्तुत कर संपूर्ण भारत की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

छात्रसंघ अध्यक्ष मोनिका दास व महाविद्यालय के सांस्कृतिक वातावरण की सराहना पूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में सुनीता अगरिया ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के अतिरिक्त वर्षभर चले कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. के आनंद कौशिक ने महाविद्यालय से अपने आत्मिक जुड़ाव को व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को खूब अध्ययन करने, खेलकूद तथा विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथि यूएस मिश्रा ने महाविद्यालय के सांस्कृतिक परिवेश की सराहना करते हुए आज संपन्न हुई प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को बधाई दे उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि सामूहिक कार्यक्रम में सभी की समान प्रतिभागिता होने से कार्य प्रशंसनीय हो जात है। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के पूर्व सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियों पढ़ाई में सहायक एवं जीवन को जीने की कला सिखा उसे सहज बनाती है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. मिश्र ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद के प्रति उनकी रूचि की सराहना की। उन्होंने उन्हें अन्य महाविद्यालयों की तुलना में अधिक सुसंस्कृत बताया तथा भविष्य में वैसे ही बने रहने, पढ़ाई में मन लगाने व विषय के गहन अध्ययन की अपेक्षा की। उद्बोधन पश्चात पिछले तीन दिनों से चल रही खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त वर्ष के दौरान विभिन्न अवसरों पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक तथा खेलकूद संबंधी प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा उपविजेताओं के साथ-साथ अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक सुश्री प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, सुश्री पूजा सिंह, वरिष्ठ लिपिक बिरेन्द्र सिन्हा, ताराचंद साहू, रवि प्रताप सिंह, अशोक राजवाड़े, दिनेश, हेमंत व अन्य सक्रिय रहे। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशपुर के प्राचार्य मणिशंकर, व्याख्याता राहुल तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

# लोकजीवन ही हमारी यथार्थ पृष्ठभूमि: बृजकिशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में लोकगीत एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में लोक गीत को लोग जीवन व जमीन से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा कि लोक जीवन ही हमारी यथार्थ पृष्ठभूमि है। जो जमीन को छोड़ देता है वह टिक कर नहीं रह सकता डगमगाते हुए गिर जाता है। हमें लोक संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने कहा कि भारत गांवों व विविधताओं का देश है। विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की अलग-अलग बोलियां हैं जो लोगों के हृदय को जोड़ती है। लोकगीत और नृत्य वर्तमान में नुमाइश की वस्तु बनते जा रहे हैं, उनका संवर्धन तथा संरक्षण करना हमार दायित्व है। लोकगीत चाहे वह देश के किसी भी भाग का हो वह सीधे हृदय तक पहुंचता है। छत्तीसगढ़ के सुआ, कर्मा, ददरिया, पंडवानी, बांस-गीत, भरथरी आदि लोकगीत हमारे मन को मोहते हैं। लोकगीत एकल गायन प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें छठ गीत गाकर सबको मुग्ध करने वाली साधना सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोहर गाकर अंचल विश्वकर्मा ने द्वितीय तथा सुआ गीत आने वाली दो प्रतिभागियों सुरीता तथा रीता राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ अंचल के साथ साथ उससे दूरस्थ क्षेत्र के गीतों को भी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, सुश्री पूजा सिंह, श्रीमती सुनीता गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

**खास बातें**

- सिलफिली कॉलेज में हुई लोकगीत एकल गायन स्पर्धा
- प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



गायन की प्रस्तुति देती छात्रा।

पत्रिका . अम्बिकापुर, गुरुवार, 14 नवम्बर 2019
patrika.com


# 'लोक जीवन व यथार्थ से जुड़ा है लोकगीत'





**अंबिकापुर @ पत्रिका.** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में एकल लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि लोक गीत लोक जीवन जुड़ा है। लोक जीवन ही हमारी यथार्थ पृष्ठभूमि है। प्रत्येक समाज को लोक संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने कहा कि लोक गीत और नृत्य वर्तमान में नुमाइश की वस्तु बनते जा रहे हैं। उनका संवर्धन तथा संरक्षण करना हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ के सुआ, कर्मा, ददरिया, पंडवानी, बाँस-गीत, भरथरी आदि लोकगीत सभ्यता संस्कृति में रचे बसे हैं। लोकगीत एकल गायन प्रतियोगिता में दस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छठ गीत गाकर सबको मुग्ध करने वाली साधना सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोहर गा कर अंचल विश्वकर्मा ने द्वितीय तथा सुआ गीत गाने वाली दो प्रतिभागियों सुरीता तथा रीता राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ अंचल के साथ-साथ उससे दूरस्थ क्षेत्र के गीतों को भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, पूजा सिंह, सुनीता गुप्ता उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner




साधना सिंह बी एससी अंतिम वर्ष की लोक गीत प्रस्तुति



लोकगीत एकल गायन प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर 6/10/19

# छात्र संघ पदाधिकारियों का मनोनयन
# मोनिका बनीं अध्यक्ष, दिलाई गई शपथ

भास्कर न्यूज|अंबिकापुर



सिलफिली कॉलेज में शपथ लेते छात्र संघ पदाधिकारी।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली छात्रसंघ पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार मिश्र ने अध्यक्ष पद के लिए मोनिका दास बीएससी अंतिम वर्ष, उपाध्यक्ष के लिए सुंदर साय बीएससी अंतिम वर्ष, सचिव पद के लिए अनिशा बहादुर बीएससी द्वितीय, सहसचिव मनीषा सिंह बीए प्रथम को शपथ दिलाई। वहीं कक्षा प्रतिनिधि के रूप में बीए अंतिम से शमीना परवीन, बीए द्वितीय से सुरीता राजवाड़े, बीए प्रथम से सरिता ठाकुर, बीएससी अंतिम से जयंती राय, बीएससी द्वितीय से पूर्णिमा राजवाड़े, बीएससी प्रथम से देवकुमार, बीकाम अंतिम से प्रियंका, बीकाम द्वितीय से अनिता विश्वास तथा बीकाम प्रथम से फूलमती को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने कहा कि स्नातक के विद्यार्थियों को समाज में रोल मॉडल होना चाहिए। शिक्षित होने तथा शिक्षित दिखने से ही समाज पर उनका प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर बीके त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारतलाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, बिरेंद्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

---

डामरीकरण का कार्य उन्होंने कहा कि स्वच्छता भी हमारे थे।

06/10/19 पत्रिका

**शपथ ग्रहण : प्राचार्य ने अनुशासन के साथ आदर्श नागरिक बनने का किया आह्वान**

# छात्रसंघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ


छात्र संघ पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**अंबिकापुर @ पत्रिका.** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में छात्रसंघ के पदाधिकारियों को पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 1 अक्टूबर को वरियता सूची का प्रकाशन, 3 अक्टूबर को मनोनयन तथा शनिवार को छात्रसंघ पदाधिकारियों तथा कक्षा प्रतिनिधियों के मनोनयन की घोषणा कर दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार मिश्र ने अध्यक्ष पद के लिए बी एससी अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका दास, उपाध्यक्ष के लिए बी एससी अंतिम वर्ष के सुंदर साय, सचिव पद के लिए अनिषा बहादुर, सहसचिव पद के लिए मनीषा सिंह को शपथ दिलाई। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में शमीना परवीन, सुरीता राजवाड़े, सरिता ठाकुर, जयंती राय, पूर्णिमा राजवाड़े, देवकुमार, प्रियंका, अनिता विश्वास तथा फूलमती को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अनुशासित तथा सुसंस्कृत रहने की सोच को जीवन में अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्नातक के विद्यार्थियों को समाज में रोल मॉडल होना चाहिए। शिक्षित होने तथा शिक्षित दिखने से ही समाज पर उनका प्रभाव पड़ेगा। एक आदर्श नागरिक होने के लिए अपने भीतर अधिकाधिक गुणों का समावेश होना आवश्यक होता है।

कार्यक्रम अजय कुमार तिवारी, बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, बिरेंद्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner




मुख्य अतिथि श्री प्रभुनारायण वर्मा का स्वागत



रासेयो के प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद का परिचय देती छात्रा शमीना परबीन

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili @gmail.com


## महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कार्यशाला

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज दिनांक 18 सितंबर 2019 को महाविद्यालय में बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान तथा महिला सुरक्षा के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने की इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में श्री मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती इंदिरा चौबे, परियोजना अधिकारी एवं श्रीमती मरियम तिग्गा विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। श्री मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी बच्चों के संरक्षण के लिए उनके भोजन में पोषक तत्वों का समावेश आवश्यक है यदि हम बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान नहीं करेंगे तो बच्चे कुपोषण के शिकार होंगे। लगभग हर गांव के हर मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जहां 1 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए पोषक आहार की व्यवस्था रहती है। हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी यदि जागरूक होंगे तो उनके आसपास संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का लाभ उनके मोहल्ले को मिल सकेगा महिला उत्पीड़न तथा उससे उनकी सुरक्षा संदर्भ में श्रीमती इंदिरा चौबे ने बताया कि महिला सुरक्षा वर्तमान में एक चुनौती के रूप में समाज के समक्ष हैं और उसके लिए जागरूकता सबसे अधिक जरूरी है यदि महाविद्यालय की बालिकाएं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहेंगी तो महिला अपराध अथवा महिला उत्पीड़न की घटनाएं बहुत कम हो जाएंगी। यदि किसी बालिका या स्त्री को किसी तरह के उत्पीड़न का शिकार होना पड़े तो थाने में इसकी शिकायत करें। जिससे पुलिस अधिकारी उनकी मदद कर पाएँ। इन दोनों के साथ-साथ विशिष्ट वक्ता श्रीमती मरियम ने महाविद्यालय की बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने के तरीके बताए।

इस कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ प्रेमलता एक्का ने किया इस अवसर पर प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी श्री अमित सिंह बनाफर श्रीमती शालिनी शांता कुजुर श्रीमती अंजना श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री रवि सिंह श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner



<u>कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली</u>

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान एवं महिला सुरक्षा

PAGE NO. :

DATE: दिनांक 18.9.2019

महिला उत्पीड़न (शिकायत प्रकोष्ठ) के तत्वाधान में आज दिनांक 18.09.2019 को महाविद्यालय में बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान व महिला सुरक्षा के संदर्भ में श्री मनोज जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंदिरा चौबे परियोजना अधिकारी एवं श्रीमती मरियम तिग्गा विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित हुए जिसमें बहुत संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कॉलेज स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित हुए।


Co-ordinator IQAC
Govt.College Silphili
Distt.Surajpur(C.G.)

1. मनोज कुमार जायसवाल जि.बा.सं. अधि. सूरजपुर
2. श्रीमती एम. तिग्गा परियोजना अधि. शिवप्रसाद नगर 18.9.2019
3. श्रीमती उषा राजवाड़े कार्यकर्ता भण्डारपारा लटोरी
4. पद्मिनी चौहान पर्यवेक्षक लटोरी
5. सुनिता जायसवाल A.W.W. बैगापारा लटोरी
6. मायावती पटेल (पर्यवेक्षक) अजबनगर 18.9.2019
7. दुर्गावती कश्यप कमलपुर
8. कुसुमलता खाखा (पर्यवेक्षक) दतिमा
9. फ्लोरेन्सिया केरकेट्टा पर्यवेक्षक पार्वतीपुर
10. सुनीता दुबे पर्यवेक्षक करवां
11. रूबेप साय पर्यवेक्षक सिलफिली
12. ज्योत्सना वर्मा पर्यवेक्षक कल्याणपुर
13. संदीप कुमार तिर्की सहा. प्राध्यापक
14. डॉ. प्रेमलता एक्का सहा. प्राध्यापक 18.9.19

Signature



शिक्षकों के सम्मान में स्वागत गीत गाती छात्राएँ



शिक्षक दिवस पर प्राचार्य महोदय का उदबोधन

Scanned with CamScanner

विद्यार्थी



मंच संचालन करती छात्राएँ शमीना परवीन तथा पूर्णिमा राजवाडे

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




## महाविद्यालयीन गौठान भ्रमण कार्यक्रम - 20.8.2019
## आदर्श गौठान का नाम - केशवनगर

विवरण :- छ० ग० शासन की महत्वपूर्ण "योजना नरवा, गरुआ, घुरुवा और बाड़ी के अंतर्गत जिला पंचायत सूरजपुर द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को दो दिन आदर्श गौठान केशवनगर का भ्रमण कराया गया। दिनांक 15.9.2019 को 13 छात्र/छात्रों ने गौठान का भ्रमण किया एवं 20.8.19 को 19 छात्र/छात्राओं ने उस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने गौठान में पशुधन विकास, वर्मीकम्पोस्ट, एवं गौठान में सब्जी उत्पादन कर वहाँ के स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधारने के प्रयास को समझा। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्री वेद प्रकाश पाण्डेय, जि.पं. सूरजपुर कार्यक्रम अधि. अंकित सिंह बनाफर उपस्थित रहे।


शासकीय महाविद्यालय सिलफिली * जिला-सूरजपुर (छ.ग.) *

Scanned with CamScanner

# युवा उत्सव 2018–19 की झलकियाँ




समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्रस्तुतिकरण देते हुए



एकल गान प्रतियोगिता की प्रतिभागी प्रस्तुतिकरण देते हुए

Scanned with CamScanner



प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी प्रमाण पत्र तथा समृति चिह्न प्राप्त करते हुए




युवा उत्सव के अवसर पर वक्तव्य देते प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति के साथ शमीना परवीन

Scanned with CamScanner

छत्तीसगढ़ शासन

# छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग

रायपुर (छ.ग.)

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सरला ........................................

पिता/पति श्री ........................................ विद्यालय / महाविद्यालय शा० महा० सिलफिली ........................................

जिला सूरजपुर ........................................ (छ.ग.) को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसम्बर 2018 को

आयोजित निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय ........................ स्थान प्राप्त करने पर / सहभागिता हेतु प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

क्रमांक ........................................ दिनांक ........................................

(बद्रीश सुखदेवे)
सचिव,
छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग
रायपुर

(प्रबोध मिंज)
सदस्य,
छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग
रायपुर

Scanned with CamScanner





गोदग्राम - कमलपुर में बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत - रैली का आयोजन - 7.12.18

विवरण :- रा.से.यो. के नियमित गतिविधि के अंतर्गत गोदग्राम कमलपुर में स्थानीय स्कूल के छात्रों के साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ थीम पर रैली का आयोजन किया गया। रैली में गांव युवा वर्ग को भी शामिल किया गया एवं उन्होंने इस रैली के बाद अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से N.S.S. के छात्र अशोक यादव, प्रियंका शाहा, नन्दकुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

Scanned with CamScanner




शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

कोविड-19 से बचाव के कार्यक्रम :-
कु० जयंती राय - B. Sc. III, ग्राम - कमलपुर

Scanned with CamScanner

स्वामी विवेकानंद का कर्मवाद पर
भाषण प्रतियोगिता — दिनांक · 15·1·2019




शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

भाषण प्रतियोगिता :— दिनांक 15·01·2019
विषय:- "विवेकानंद जी का कर्मवाद"

Scanned with CamScanner

11/7/2018 को




विश्व जनसंख्या दिवस रैली कार्यक्रम - सरगुजा वि.वि. अ.पुर




S.L.R.M. सेन्टर अम्बिकापुर का भ्रमण - 11/7/2018
एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर जानकारी लेते हुए।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner







शिक्षक दिवस समारोह एवं छात्र संघ सपथ ग्रहण कार्यक्रम – सत्र 2017–18.

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

Scanned with CamScanner

Annex-I

# REGIONAL DIRECTORATE OF NSS, PATNA



## NATIONAL INTEGRATION CAMP

AT- BIT, MESRA, RANCHI, JHARKHAND

FROM 14TH TO 20TH DECEMBER-2016

### NSS VOLUNTEER BIO-DATA

**A: PERSONAL DETAILS** *(in capital letters)*

(i) Name: Mr./Miss KAVITA BACHHAD

(ii) Date of birth: 03. 06. 1999

(iii) Father's Name: Shri DULAL BACHHAD

(iv) Mother's Name: Smt. Neepu BACHHAD

(v) Educational Qualification: Student of B.A. part-One

**B: CONTACT DETAILS**

(i) Contact Address : Village- Ganeshpur, P.O.- Silphili, Dist- Surajpur. - 497226

(ii) Telephone No(s) :

(iii) Mobile No(s) : 07898723530

(iv) E mail ID : Bangfar Zoology@gmail.com

**C: NSS UNIT DETAILS**

(i) Name of Prog. Officer : Amit Singh Bangfar (A.P.-Zoology)

(ii) Mobile No(s) : 07869090897

(iii) Name & Address of College/School : Govt. College Silphili, Surajpur Pin- 497226

(iv) Name & Address of University/ +2 Council : Surguja University - Ambikapur.CG - 497001.

**D: OTHER DETAILS**

| | |
|---|---|
| (i) Height (in cm) : | (ii) Weight (Kg.) : 40 kg. |
| (iii) Food habit : Veg/ Non-Veg - Non-Veg | (iv) Blood Group : A+ |
| (v) NSS Camps attended : One Special 7 days Camp at School level. | (vi) NSS Enrollment Year : 2016 |
| | (vii) Hobbies : Study, Singing. |
| कविता बछाड़ Signature of the Volunteer & Date | Signature of the Prog. Officer & Date (SEAL) 22/11/16 |

Programme officer N.S.S. Govt. College Silphili Distt. Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# NATIONAL INTEGRATION CAMP

## *Certificate of Participation*



*This is to certify that Mr./Ms.* Kavita Bachhad

*from* Chhattisgarh *has successfully participated in National Integration Camp 2016, Organized by Government of India, Ministry of Youth Affairs & Sports, Regional Directorate of NSS Patna at Birla Institute of Technology, Mesra, Ranchi (Jharkhand) from 14th -20th December 2016.*

**O.P. Pandey**
Programme Co-ordinator
NSS, BIT Mesra

**Dr. Bimal K  ar Mishra**
Chairpe  NSS,
DSW, BI  Mesra

**Dipak Kumar**
Regional Director
NSS, Patna

2021/7/4
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner